Rastriya Sanara- New Delhi-8-07-2011

डीटीयू : एमटेक दाखिले में सर्वाधिक कट ऑफ 99.77 फीसद

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) एमटेक पाठ्यक्रमों के दाखिले में माइक्रोवेव एंड ऑप्टीकल कम्युनिकेशन में सर्वाधिक कट ऑफ 99.77 से 98.07 हो गया है। इसी प्रकार दूसरे स्थान पर सिग्नलिंग प्रोसेसिंग एंड डिजिटल डिजाइन कोर्स मे 99.56 से 98.54 फीसद कट ऑफ गया है। डीटीयू के एमटेक के 17 पाठ्यक्रमों में दाखिले गेट स्कोर और साक्षात्कार द्वारा किए जा रहे हैं। दाखिले के लिए 80 फीसद गेट स्कोर और 20 फीसद साक्षात्कार का रखा गया था। गेट स्कोर और साक्षात्कार के आधार पर चयनित विद्यार्थियों का दाखिले बृहस्पतिवार से शुरू कर दिए गए हैं। चयनित विद्यार्थी 18 जुलाई तक फीस जमा कर दाखिले ले सकते हैं।

डीटीयू के प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी के अनुसार एमटेक के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए इस साल कुल 359 सीटों के लिए 2840 आवेदन आए। जिससे सबसे ज्यादा आवेदन इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्प्युकेशन इंजीनियरिंग में हुए, इस विभाग के दो पाठ्यक्रमों के लिए इस बार 832 आवेदन हुए। इसी प्रकार कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग व सॉफ्टवेयर एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रमों के 42 सीटों के लिए 564 आवेदन, मैकेनिकल इंजीनिरिंग इन थर्मल इंजीनियरिंग एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में 440, एमटेक इन बायो इंफोमेटिक्स में 180, एमटेक इन नैनो साइंस एंड टेक्नीलॉजी में 129 और एमटेक इन पॉलीमर साइंस में 53 आवेदन आए। चयनित विद्यार्थियों की दाखिला सूची डीटीयू की वेबसाइट www.dce.edu पर डाल दी गई है।

- 18 जुलाई तक दाखिले के लिए फीस जमा होगी
- एमटेक के 17 पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 359 सीटों पर 2840 आवेदन